

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें
https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 37 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी सोमवार 29 मई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## भाजपा जिला संगठन प्रभारी द्विवेदी आज लेंगे भाजपा की बैठके

सिवनी यशोः - भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन सिवनी के नव नियुक्त प्रभारी अरूण द्विवेदी जी आज 29 मई को सिवनी के प्रवास पर रहेंगे । आप 29 मई सोमवार को प्रातः 10:30 बजे भाजपा जिला कार्यालय में जिला प्रबंध समिति की बैठक लेंगे । इसके पश्चात दोपहर 12:00 बजे भाजपा कार्यालय में ही बरघाट विधानसभा संचालन टोली की बैठक लेंगे । दोपहर 3:00 बजे महिला मोर्चा की परिचयात्मक बैठक लेंगे तथा अपरान्ह 4:00 बजे सिवनी विधानसभा संचालन समिति की बैठक लेंगे तथा शाम 5:30 बजे सभी मोर्चो के अध्यक्षा महामंत्री एवं प्रकोष्ठों के जिला संयोजको तथा पार्टी के वरिष्ठजनों से चर्चा करेंगे। इन समस्त कार्यक्रमों में जिला संगठन प्रभारी के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे एवं महामंत्रीगण उपस्थित रहेंगे । भाजपा जिला महामंत्री अजय डागोरिया ने सभी आपेक्षित पदाधिकारियों से निर्धारित समय में उपस्थित होने का आग्रह किया है ।

# 10 जून से लाडली बहनाओ के खाते में हर माह 1 हजार भेजेगी शिवराज सरकार -श्रीमती पटेरिया

### लाडली बहना योजना को लेकर महिला मोर्चे ने की पत्रकार वार्ता

सिवनी यशोः- मध्य प्रदेश के मु यमंत्री और हमारे लाडले भैया श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुरू की गई लाडली बहना योजना बहनों के मान, स मान और उनके स्वाभिमान की रक्षा के साथ उन्हें आर्थिक तौर पर सशक्त करने के लिए जो ऐतिहासिक संवेदनशील निर्णय लिया हे। उसके लिए भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश की सभी लाडली बहनों की ओर से मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का बहुत बहुत धन्यवाद व्यक्त करते हुए उनका आभार व्यक्त करती हूं। उक्त बात रविवार को प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर भाजपा महिला मोर्चा जिला सिवनी द्वारा रविवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पं. अटलबिहारी बाजपेयी परिसर बारापत्थर सिवनी में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चे की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती नीता पटेरिया ने कही। पत्रकारवार्ता में भाजपा महिला मोर्चे की जिला अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला उईके, महिला मोर्चा मीडिया प्राभारी सुश्री कंचन सोनी एवं अनीता राठौर उपस्तिथ रही

पत्रकार वार्ता में श्रीमती पटेरिया ने बताया कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ वर्ष का कार्यकाल देश के लिये महत्वपूर्ण रहा है और देश को दुनिया के सामने गौरवपूर्ण स्थिती में पहुँचाने का काम यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है । सिवनी जिले सहित मध्यप्रदेश की बड़ी योजनाओं को अधिकतम राशि प्रदान कर योजनाओं को शीघ्रता से पूर्ण करा विकास की योजनाओं को गति प्रदान की गयी है । सिवनी रेल लाईन का काम हो या फोरलेन का काम हो प्रधानमंत्री जी के कार्यकाल में बड़ा बजट मिलने के कारण पूर्ण हुआ है ।

श्रीमती पटेरिया ने कहा कि मध्यप्रदेश में लाडली बहनाओ को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए जो ऐतिहासिक संवेदनशील निर्णय मध्य प्रदेश के संवेदनशील मु यमंत्री ने लिया है। निश्चित उसके प्रति मु यमंत्री जी के साथ पूरी मध्य प्रदेश की सरकार धन्यवाद की पात्र है। मध्य प्रदेश में शुरू की गई लाडली बहना योजना में प्रदेश की करीब 1 करोड़ 25 लाख से अधिक लाडली बहनों ने अपना पंजीयन कराया है। इसमें से सभी पात्र बहनों को 10 जून 2023 से उनके खातों में 1000 की राशि वन ि लक के माध्यम से पहुंचना शुरू हो जाएगी। मध्य प्रदेश में महिलाओं के मान स मान के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने एक बड़ा निर्णय कुछ दिनों पूर्व लिया और प्रदेश के सभी शराब अहाते बंद किए गए । यह बड़ा और ऐतिहासिक निर्णय मध्य प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा, मान और स मान के लिए सरकार ने मूर्त रूप दिया है । लाडली बहना योजना में तहत 23 से 60 वर्ष तक की सभी लाडली बहनों के खातों में जून माह की 10 तारीख से हर माह 1000 पहुंचना शुरू हो जायेंगे। इस




योजना में विवाहिता महिलाओं के साथ कल्याणी, तलाकशुदा, परित्यक्ता बहनों को भी शामिल किया है, उन्हें भी योजना का लाभ मिलेगा। श्रीमती पटेरिया ने कहा कि लाडली बहनों के खाते में जब प्रतिमाह 1000 की राशि पहुंचेगी तो वे अपने परिवार की छोटी-बड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने में खर्च करेगी । हमारी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए हर पल हर क्षण प्रतिबंध है ।

श्रीमती पटेरिया ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिये हमारी सरकार ने साईकिल वितरण, लाडली लक्ष्मी योजना शुरू की जो आज पूरे देश में चर्चा का विषय बनी है । लाडली लक्ष्मी योजना के तहत प्रदेश की लाडली लक्ष्मी लाभान्वित हो रही है । एक समय था जब परिवार में बेटी का जन्म होता था तो उसे अभिशाप माना जाता था । मध्य प्रदेश की सरकार ने लाडली लक्ष्मी योजना शुरू कर इस अभिशाप को वरदान में बदला है । यही कारण है कि आज हमारी बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में नौकरियों के क्षेत्र में,खेल के मैदान में,लाडली बहनाए विभिन्न सामाजिक,राजनीतिक, व्यवसाय आदि के क्षेत्रों में अपनी सफलता के झंडे गाड़ रही है । लाडली बेटियों बहनाओ के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने कई योजना शुरू कर उनके मान स मान उनकी सुरक्षा का जि मा अपने ऊपर लिया है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए स्व सहायता समूह का गठन किया गया प्रदेश में अभी तक इन गठित समूहों की सं या 46 लाख है सरकार ने इन्हें बढ़ाकर 65 लाख तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है ।

### कांग्रेस के झूठ में ना आए जनता पिछले 15 माह की सरकार को याद करले

श्रीमती पटेरिया ने कहा कि मध्यप्रदेश में 2018 के चुनाव के पूर्व कांग्रेस ने महिलाओं से वादा किया था कि सरकार में आएंगे तो गैस सिलेंडर की कीमत 100 कम करेंगे लेकिन सत्ता में आने के बाद भूल गए । आज एक बार फिर झूठे कांग्रेसी नारी स मान को लेकर दस्तावेज लेकर घर-घर महिलाओं के पास पहुंच रहे हैं तथा वादा कर रहे हैं कि वे सत्ता में आए तो गैस सिलेंडर 500 में देंगे तथा नारी स मान योजना के तहत प्रति माह महिलाओं को 15 सौ रुपए की राशि उनके खातों में पहुंचाई जाएगी । कांग्रेस इस प्रकार का झूठ बोलकर महिलाओं को गुमराह कर रही है । उन्होंने कहा कि राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ सहित कुछ अन्य प्रदेशों में कांग्रेस पार्टी की सरकार है वहां `यों नहीं 500 रूपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है और वहाँ महिलाओं को स मान राशि `यों नहीं दी जा रही । श्रीमती पटेरिया ने कहा कि कांग्रेस जनता से झूठे वायदे कर उन्हें गुमराह कर रही है पिछले चुनाव में भी कांग्रेस ने यही किया था और जनता से बाद में वायदा खिलाफी की थी यही इस बार भी करेंगे ।

पत्रकार वार्ता में मोर्चे की जिला अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला उईके ने बताया कि वे पार्टी की योजनाओं और कार्यो को लेकर पार्टी के महाजनसंपर्क अभियान 30 मई से 30 जून तक जिले में मोर्चे की बहिनों के साथ सघन जनसंपर्क कर एक घर में दस्तक देंगी और पार्टी के कार्यो को तथा कार्ययोजना से परिचित करायेगी तथा मातृशक्ति का पार्टी के लिये समर्थन जुटायेंगी ।

# तेज हवाओं से जनजीवन हुआ आमसान्य, पेड़ गिरने से आवागमन प्रभावित



सिवनी यशोः-रविवार को दोपह 12 बजे के करीब जिले के कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिस हुई तथा कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे । बेमौसम बारिश से आमजन बुरी तरह परेशान है । पहले दोपहर 12 बजे के करीब हल्की बारिश हुई और छपारा के आस पास तेज धुंध भरी हवाएँ चली फिर जिला मु यालय से केवलारी मार्ग स्थित ग्राम छुई, कान्हीवाड़ा, कटिया, कामता गांव में रविवार को दोपहर 3 बजे झमाझम बारिश, ओलावृष्टि व तेज हवाओं के साथ जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ।

तेज हवाओं के चलने से सड़क किनारे लगे पेड़ सड़क पर गिर गए। जिससे कुछ देर के लिए सड़क पर जाम लग गया व आवागमन बाधित हुआ।

ग्रामवासियों ने बताया कि रविवार को सुबह मौसम पूरी तरह साफ था। दोपहर 3 बजे मौसम ने करवट बदला और आसमान में काले-काले बादल घिर आये। साथ ही तेज हवाओं के साथ गरज चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। साथ ही ग्राम छुई में ओले गिरे। इसके साथ ही सड़क किनारे लगा पेड़ गिर गया। जिससे वहां से गुजर रही एक बस चपेट में आते-आते बच गई। बस चालक ने अपनी बस को सड़क किनारे उतार लिया। सड़क पर पेड़ गिर जाने से दोनों तरफ वाहन बड़ी सं या में खड़े रहे। कुछ देर तक यहां का आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। इसके साथ ही जिला मु यालय में शाम 5 बजे बारिश हुई।

इन दोनों नौतपा चल रहा है और नौतपा में बारिश का भी योग बना हुआ है। अचानक हो रही बारिश से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# शराब दुकान हटाने की मांग अनसुनी, उसे दे दिया विस्तार

### बैनगंगा नदी घाट, लक्ष्मी नारायण मंदिर जाने वाले मार्ग पर है शराब दुकान

छपारा यशोः- बैनगंगा नदी का बड़ा ही धार्मिक महत्व है इसके प्रति अगाध आस्था है इसको पूजा की जाती है यह लोगों की आस्था का प्रतीक है वही यह पतित पावन नदी जहां जहां से होकर गुजरती है वहां के लोगों के लिए मां बेनगंगा वरदान स्वरुप है।

छपारा नगर से भी वैनगंगा नदी गुजरती है `योंकि यहां के क्षेत्रीय किसानों के लिए जीवनदायिनी कहलाती है नदी तट पर प्राचीन समय से ही मंदिर और घाट बनाए गए हैं वही वर्तमान समय मैं नदी तट से लगकर कुछ वर्ष पूर्व लक्ष्मी नारायण मंदिर जो की गोल्डन टेंपल के नाम से संपूर्ण जिले में प्रसिद्ध है नगर वासियों के साथ आसपास के लोगों के लिए आस्था केंद्र है जहां पर बड़ी सं या में लोग घूमने एवं पूजन अर्चन के उद्देश्य से आते है

तो वहीं दूसरी ओर जनपद पंचायत कार्यालय एवं दूरसंचार विभाग के बीच सड़क किनारे शासकीय देशी शराब दुकान और उसके आसपास मछली बाजार स्थित है इस वजह से उक्त सड़क मार्ग से लोगों को बैनगंगा नदी तट और लक्ष्मी नारायण मंदिर आने जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है खासकर महिलाओं को विशेष रुप से इस मार्ग से गुजरने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

उक्त देसी शराब दुकान को हटाने को लेकर नगर वासियों द्वारा पूर्व में विरोध एवम धरना प्रदर्शन तक किए गए परंतु शासन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के द्वारा सार्थक पहल नहीं किए जाने से देसी शराब दुकान जस की तस है वही इतने वर्षो से एक छोटे से कमरे में संचालित होने वाली देसी शराब दुकान ने वर्तमान समय में अब अपना स्वरूप बदलते हुए एक अलग ही रूप ले लिया है संबंधित लाइसेंसी शराब ठेकेदार के द्वारा मात्र कुछ ही दिनों में युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए भव्य टीन शेड और शटर लगाकर बड़ी दुकान बना ली है जिसमें प्रदेश सरकार की मेहरबानी से अब देसी के साथ अंग्रेजी शराब दी धड़ल्ले से बेची जा रही है। जो की नगर के प्रबुद्ध वर्ग को ठेंगा दिखाने जैसा हुआ




जिससे प्रशासन ने यह साबित किया कि आम जनता कितना ही इसका विरोध करें किंतु हम शासकीय शराब दुकान को यहां से नहीं हटाएंगे।

दरअसल नगर के जिस स्थान पर देशी शराब दुकान है वहां पर असमाजिक तत्वों का डेरा रहता है जो नशे में चूर होकर सुबह-शाम 24 घंटे यही मंडराते रहते हैं जिससे वहां से निकल रही महिलाओं ,स्कूली छात्राओं एवं नगर में पहुंचे लोगों के लिए हमेशा से सुरक्षित नहीं है। वहीं प्रदेश सरकार की नई शराब नीति क पोजिट का फायदा उठाते हुए शराब ठेकेदार के द्वारा मु य मार्ग पर रहवासी क्षेत्र में संचालित अंग्रेजी शराब दुकान जहां देशी मदिरा उपलब्ध हो गई, तो अब देशी मदिरा दुकान पर अब अंग्रेजी शराब भी बिक्री के लिए उपलब्ध हो गई।

# 40 वी राज्य स्तरीय बॉ संग स्पर्धा में सिवनी को मिले पदक

### भोपाल में आयोजित 40वी यूथ राज्य स्तरीय बालक एवं बालिका बॉ संग स्पर्धा में भाग लेकर जीते पदक

सिवनी यशोः-जिला बौं संग संघ के सचिव सोहन लाल सेन (राष्ट्रीय प्रशिक्षक ) ने बताया की भोपाल में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मु यालय टी. टी. नगर स्थित स्टेडियम के मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स कॉ ले स के बौं संग हॉल में दिनाक 25 से 26 मई को आयोजित थी । यह प्रतियोगिता मध्य प्रदेश अ योचोर बौं संग संघ (खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश,मध्य प्रदेश ओल्या पिक संघ ) द्वारा आयोजित थी । इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के भोपाल, मार्शल आर्ट अकादमी टी. टी. नगर ,जबलपुर, नरसिंगपुर, बालाघाट, ग्वालियर, इंदौर, अलीराजपुर,गुना, अशोकनगर, सीहोर, कटनी, धार,भिंड,छतरपुर,टीकमगढ़,सहित लगभग 34 जिलो के खिलाडी भाग लिया। सिवनी जिले से राज्य स्तरीय स्पर्धा में खिलाडी भूमिका उइके स्वर्ण पदक, पूर्णिमा ब्र हवंशी रजत पदक,धानी पन्द्रे कांस्य पदक, तनिष्का सराठे कांस्य पदक, अनुराग उइके कांस्य पदक, रास्ट्रीय प्रशिक्षक सोहन लाल सेन के प्रशिक्षण से जीते साथ ही सिवनी जिले का नाम रोशन किया ।प्रतियोगिता के समापन पर असिस्टेंड डायरे टर डॉ. प्रदीप अस्तेय , मध्यप्रदेश बौं संग संघ के टैं नकल डायरे टर वीरेंद्र सिंह ठाकुर, अकादमी प्रशिक्षक रोशन लाल के द्वारा खिलाड़ियो को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। इस स्पर्धा से चयनित खिलाडी रास्ट्रीय बौं संग स्पर्धा में भाग लेंगे ।

प्रतियोगिता में पदक विजेता होने पर मध्यप्रदेश ओलया पिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह, जिला खेल युवा कल्याण अधिकारी कृष्ण कुमार चौरसिया, जिला शिक्षा विभाग खेल अधिकारी श्रीमती जस्सी थामस , श्री राजबहादुर सिंह चोहान , श्री शंकर लाल सोनी , श्री महावीर व्यायामशाला के अध्यक्ष प्रसन्न मालू, शंकर लाल अग्रवाल, छिद्दी लाल श्रीवास , हीरा लाल सोनी, गुलाब पवार, संचालक धीरज पाल, प्रदीप वर्मा , संदीप मिश्रा, देवेन्द्र ठाकुर ,भावना गायकवाड , नारायण सिंग बिसेन, लक्ष्मी ठाकरे ,संदीप नेमा, धीरज पाल , मनोज व्रहा ब्रंशी, अंकित मिश्रा , स्वदेश पटेल, शीतल नामदेव , अजय सनोडिया,राजू यादव, राकेश डहेरिया , दीपक चिरोंजे ,एवं समस्त जिला बौं संग संघ सिवनी, हिन्द मार्शल आर्ट एंड स्पोर्ट्स अकादमी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सफल होने एवं पदक प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं केवम बधाई प्रेषित की है ।




## दक्ष तिवारी का सुयश

लखनादौन यशोः- सर्वोदय इंग्लिश हाई सेकेंडरी स्कूल



लखनादौन के छात्र दक्ष तिवारी पिता दिनेश तिवारी माता सीलू तिवारी ने कक्षा दसवीं में 90.2 प्रतिशत बनाकर अपने माता-पिता एवं स्कूल का नाम रोशन किया। दक्ष ने इसका श्रेय अपने परिवार एवं विद्यालय स्टाफ को दिया। उन्होंने कहा कि आज मेरे परिवार एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने मेरी इस उपलब्धि के लिए सहयोग किया। वही स्कूल के डायरे टर मंगल विश्वकर्मा, प्राचार्य प्रीति विश्वकर्मा, नाना पुरुषोत्तम तिवारी, मामा नीरज तिवारी सहित मित्रों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। और उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# खेलों के साथ -साथ पढ़ाई में भी बढ़ा रहे जिले का मान

### ग्रीष्मकालीन व्हालीवॉल प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ी दिखा रहे विशेष रूचि

सिवनी यशोः- संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल के आदेशानुसार व जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ है. जिसमें निःशुल्क प्रशिक्षण के माध्यम से लगभग 15 खेलों में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है. किन्तु देखने में आ रहा है कि आयोजित प्रशिक्षण शिविर में व्हालीवॉल खेल में बड़ी सं या में स्कूल के साथ-साथ कॉलेज के विद्यार्थियों में भी विशेष रूचि दिख रही है।

शिविर मे प्रशिक्षण प्रदान कर रहे विभागीय प्रशिक्षक श्री अब्दुल हक (एन.आई.एस डिप्लोमा इन व्हालीबॉल) ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में लगभग 170 खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें है जिसमें हमारे द्वारा व्हालीबॉल खेल के अलावा रिकरेशन गेम भी खिलाएं जा रहे है ताकि खिलाड़ियों में उत्साह बना रहें. चर्चा के दौरान उन्होने प्रशंसा जाहिर करते हुए कहा कि यह हमारे लिए कॉफी गर्व की बात है कि



हमारे खिलाड़ी खेलों के साथ-साथ पढाई में भी जिले का मान बढ़ा रहे है उन्होंने बताया कि उनके पास बचपन से व्हालीबॉल का अ यास कर रही उनकी शिष्या रानी सनोड़िया जिन्होंने 3 बार अलग-अलग कैटेगरी में व्हालीबॉल की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं साथ ही भोपाल में आयोजित खेलों इंडिया नेशनल गे स में व्हालीबॉल टीम में सहभागिता की है उनका अभी हाल में ही परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमें कक्षा बारहवी के गणित समूह में 91.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर उन्होंनें यह साबित कर दिया कि अगर आप खेल और पढ़ाई में अच्छा संतुलन स्थापित करें तो दोनों में ही अव्वल आ सकते है. जिले का मान बढ़ाने वाली होनहार व्हालीबॉल खिलाड़ी कि इस उपलब्धि पर शिविर में प्रशिक्षण प्रदान कर रहे इनके सभी कोचेस अब्दुल हक,बराती लाल उईके, अमोल चन्द्रा, प्रदीप वर्मा, अ. सलीम खॉन सहित जिलें से समस्त खेल प्रेमियों ने बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# भारत की वैश्विक भूमिका के नायक बने मोदी

विष्णु दत्त शर्मा

पिछले सप्ताह रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जब जापान में हुई जी-7 की बैठक के बाद इंडो-पैसिफिक देश पापुआ न्यू गिनी पहुंचे, तब वहां के इतिहास में तीन अद्वितीय घटनाएँ हुईं। एक तो यह किसी भी भारतीय प्रधान मंत्री द्वारा इंडो-पैसिफिक देश का पहला दौरा था और दूसरा यह कि पापुआ न्यू गिनी ने पहली बार सूर्यास्त के बाद आने वाले किसी भी नेता का औपचारिक स्वागत किया।जबकि पापुआ न्यू गिनी की परंपरा मेंसूर्यास्त के बाद किसी का औपचारिक स्वागत करने की परंपरा नहीं है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री का वहां न केवल औपचारिक स्वागत किया गया, बल्कि एयरपोर्ट पर पारंपरिक लोक नृत्य का भी आयोजन किया गया। तीसरी अहम घटनाथी पोर्ट मोरेस्बी एयरपोर्ट पर पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जे स मारापे द्वारानरेंद्र मोदी के पैर छूकर आशीर्वाद मांगना। शायद ही ऐसा कभी हुआ है कि एक राष्ट्राध्यक्षने दूसरे किसी राष्ट्राध्यक्ष का सार्वजनिक रूप से पैर छूकर आशीषलिया हो। अपने अग्रज के आदरपूर्वक पैर छूकर आशीष लेने के सांस्कृतिक अभिवादन व अभिव्यक्ति को किसी दूसरे देश द्वारा अपने व्यवहार में लाना, हम सभी भारतीयों के लिए गौरव तो है ही हमारी सांस्कृतिक आस्थाओं को भी दुनिया में स्थान मिलने का प्रमाण है। इसलिए तीनों घटनाएँ सामान्य नहीं हैं।

आधुनिक युग में राष्ट्राध्यक्षों के स्वागत मेजबानदेश के प्रोटोकॉल के अनुसार ही नियोजित किये जाते हैं। उनमें कोई बड़ा बदलाव तभी होता है, जब सामने वाला राष्ट्राध्यक्ष भी किसी महान देश और उसकी विरासत का असाधारण नेतृत्व करने वाला हो। नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के तौर पर आज दुनिया में एक ऐसे ही महान देश के असाधारण नेता माने जाते हैं। इसका भी ताजा उदाहरण हमें उनके गत विदेश दौरे में देखने को मिला,जब पापुआ न्यू गिनी के बाद हमारे पीएम ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। बीते 23 मई को कुडोस बैंक एरिना में बीस हजार लोगों के जनसैलाब के समक्षऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी एल्बनीज ने नरेंद्र मोदी को 'बॉस' बताया। उन्होंने कहा- मोदी इज दि बॉस।किसी समकक्ष नेता के मुंह से ऐसे वो य यूं ही नहीं निकलते, इसके लिए सामने किसी विराट व्यक्तित्व का होना अपरिहार्य है।इसलिए पिछले नौ साल में मोदी जी की लगभग 65 देशों की यात्राओं से हटकर इन घटनाओं को देखना चाहिए।




यह विदेश यात्रा तो इसलिए भी बहुत मायने रखती है कि इस दौरान हमारे लोकप्रिय असाधारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिजी और पापुआ न्यू गिनी के सर्वोच्च स मानों से विभूषित किया गया। ये स मान उन्हें ग्लोबल साउथ के विषयों को आगे बढ़ाने और उनके वैश्विक नेतृत्व के लिए दिया गया है। फिजी के प्रधानमंत्री सितिवेनी राबुका ने सर्वोच्च नागरिक स मान 'कंपैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' दिया जो बहुत ही कम बाहरी लोगों को दिया गया है।भारतीय प्रशांत द्वीप देशों की एकता और ग्लोबल साउथ लक्ष्यों की अगुवाई करने के लिए पापुआ न्यू गिनी ने भी मोदी जी को 'कंपैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू' से स मानित किया। जाहिर सी बात है कि ग्लोबल साउथ यानी गैर यूरोपीय (लगभग 100) देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में अपना नायक देख रहे हैं।

यह उनके नेतृत्व कौशल का ही कमाल है कि नौ साल के कार्यकाल में अमेरिका, रूस और मिडिल ईस्ट समेत कई देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स मानित किया है। वर्ष 2016 में सऊदी अरब ने गैर-मुस्लिम गणमान्य को दिए जाने वाले अपने सर्वोच्च स मान 'अब्दुलअज़ीज़ अल सॉद' से स मानित किया था। अफगानिस्तान ने सर्वोच्च नागरिक स मान 'ग़ाज़ी अमीर अमानुल्लाह ख़ान' से नवाज़ा। 2018 में फिलिस्तीन ने मोदी को विदेशी गणमान्य नागरिकों को दिए जाने वाले सर्वोच्च स मान 'ग्रांड कॉलर ऑफ द स्टेट' दिया। संयुक्त अरब अमीरात ने भी 2019 में अपने सर्वोच्च नागरिक स मान 'ज़ायेद मेडल' से मोदी का स मान किया।

इसी कड़ी में दुनिया की बड़ी शक्ति रूस ने भी 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वोच्च नागरिक स मान 'सेंट एंड्रू अवॉर्ड' से स मानित किया तोबहरीन ने 2019 में 'किंग हमाद ऑर्डर ऑफ दि रेनेसां'दिया, जो खाड़ी देशों का सर्वोच्च स मान है।मालदीव ने किसी भी विदेशी नागरिक को दिया जाने वाला सर्वोच्चस मान 2019 में 'निशान इज़्ज़ुदीन अवॉर्ड' मोदी को दिया। अमेरिकी सरकार ने 2020 में संयुक्त राज्य अमेरिका सशस्त्र बलों के लिए उत्कृष्ट सेवाओं और उपलब्धियों के प्रदर्शन में असाधारण आचरण के लिए दिया जाने वाला 'लीजन ऑफ मेरिट'अवार्ड मोदी को प्रदान किया।पड़ोसी देश भूटान भी उन्हें 2021 में सर्वोच्च नागरिक अलंकरण 'ऑर्डर ऑफ दि ड्रुक गियल्पो' से स मानित कर चुका है। अंतरराष्ट्रीय सहयोग और वैश्विक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए उन्हें2018 में'सियोल पीस प्राइस' से नवाजा गया था।

वैश्विक स मानोंकी ऐसी श्रृंखला यह जाहिर करती है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारा देश दुनिया में बड़ी भूमिका निभाने की इबारत लिख चुका है। दुनिया समझ रही है कि महान देश भारत को एक असाधारण नेतृत्व मिला है, जिसने अपने देश के पुराने गौरव को वापस लाने में भगीरथ भूमिका निभायी है।यह कोई साधारण बात नहीं है कि जब 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तब हमारी योग परंपरा को वैश्विक स्वीकृति मिली और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत हुई। 2014 में ग्लोबल इकोनॉमी में भारत दसवें स्थान पर था, जो कि 2022 में ब्रिटेन को बाहर करके पांचवें स्थान पर आ गया। अब जर्मनी को पछाड़कर यह चौथी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत की यह शक्ति उसके असाधारण नेतृत्व के कारण बढ़ी है। इसलिए दुनिया के नेताओं ने मोदी के करिश्माई नेतृत्व को परख लिया हैएवं उन्हें नरेंद्र मोदी में विश्व का नेतृत्वकर्ता दिखाई देता है।

सदियों से भारत विश्व को राह दिखाने वाला राष्ट्र रहा है, इसीलिए यह विश्व गुरु की भूमिका निभाने का अधिकारी भी रहा। हर कालखंड में दुनिया के देशों ने भारत से वैश्विक नेतृत्व की आकांक्षा रखी है, परन्तु दशकों से भारत को इस भूमिका को निभाते हुए नहीं देखा गया। लेकिन 2014 के बाद बदलते भारत को देखकर विश्व ने भी यह अनुभव किया है कि अब यह देश नये नेतृत्व के साथ नयी भूमिका में आ गया है। चाहे वह पड़ोसी देशों के विवाद हों, विश्व आपदाएँ हों, सामरिक चुनौतियां हों या आर्थिक मोर्चा, सारे मामलों में भारत का अब निजी नजरिया और निर्णय होता है। यह नजरिया इसके नेतृत्व की कार्यशैली से सिद्ध हुआ है। आतंकवादको कुचलनेहेतु भारतीय सेना अब पाकिस्तान में घुसकर स्ट्राइक करती है।मोदी सरकार अपने सैनिक अभिनंदन को बिना शर्त तत्काल वापस लाती है। विश्व शक्तियों की आंख में आंख डालकर भारत ने कश्मीर में धारा 370 को विदा कर दिया। श्रीराम मंदिर जैसे मसलों का हल निकाल कर दुनिया को अपनी अंदरुनी ताकत का एहसास भी करा दिया।

सदी के सबसे बड़े मानवीय संकट (कोविड) में अनेक देशों को वै सीन देकर वसुधैव कुटु बकम की भावना और विश्व गुरु की भूमिका को चरितार्थ करने वाले नेतृत्व को दुनिया ने देखा है। देश में मु त वै सीन का अनूठा अभियान भी दुनिया देख चुकी है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सक्षम-समर्थ भारत अपनी वैश्विक भूमिका के साथ आगे बढ़ रहा है।

**-लेखक भाजपा मध्य प्रदेश के अध्यक्ष एवं खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं।**

## प्रदेश की लाड़ली बहनों के लिये ऐतिहासिक दिन होगा 10 जून

**मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना में एक करोड़ से अधिक डीबीटी इनेबल योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया पूर्णता की ओर**




भोपाल - प्रदेश की एक करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के लिये 10 जून का दिन ऐतिहासिक होगा। इस दिन मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के दिल से उपजी मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ उन्हें मिलना शुरू हो जायेगा। मु यमंत्री श्री चौहान ने योजना में प्रावधान किया है कि गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार की पात्र बहनों के खाते में जून माह से एक-एक हजार रूपये अंतरित किये जायेंगे। बहनों को यह राशि प्रतिमाह मिलेगी। योजना में पंजीयन कराने के अंतिम दिन तक एक करोड़ 25 लाख 33 हजार 145 बहनों ने पंजीयन करवाया। इसमें से अब तक एक करोड़ 12 लाख 57 हजार 65 बहनों के डीबीटी (डायरे ट बेनिफिट ट्रांसफर) इनेबल किये जा चुके हैं। शेष डीबीटी का कार्य सुचारू रूप से 30 मई तक पूरा किया जायेगा।

**सिवनी जिले में 2 लाख 44 हजार 523 बहनों के**

जबलपुर संभाग के जबलपुर जिले में 3 लाख 48 हजार 695, बालाघाट में 3 लाख 29 हजार 440, छिंदवाड़ा में 3 लाख 54 हजार 686, डिण्डोरी में एक लाख 17 हजार 7, कटनी में 2 लाख 14 हजार 268, मण्डला में एक लाख 83 हजार 232, नरसिंहपुर में एक लाख 92 हजार 905 और सिवनी जिले में 2 लाख 44 हजार 523 बहनों के डीबीटी इनेबल किये जा चुके हैं।

## यह केवल एक भवन नहीं है बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है - मोदी





प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज नवनिर्मित संसद भवन राष्ट्र को समर्पित किया। इससे पूर्व, प्रधानमंत्री ने नवनिर्मित संसद भवन में पूर्व-पश्चिम दिशा की ओर मुख करके शीर्ष पर नंदी के साथ सेंगोल को स्थापित किया। उन्होंने दीया भी प्रज्वलित किया और सेंगोल को पुष्प अर्पित किए।

**÷हमारा लोकतंत्र हमारी प्रेरणा है और हमारा संविधान हमारा संकल्प÷**
**÷अमृत काल हमारी धरोहर को सहेजते हुए विकास के नए आयाम गढ़ने का काल है÷**
**÷आज का भारत दासत्व की मानसिकता को पीछे छोड़कर कला के प्राचीन वैभव को अंगीकार कर रहा है, यह नया संसद भवन इसी प्रयत्न का जीता-जागता उदाहरण है÷**
**÷हम इस भवन के कण-कण में एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना का अवलोकन करते हैं÷**
**÷यह पहली बार है कि श्रमिकों के योगदान को नई संसद में अमर कर दिया गया है÷**
**÷इस नए संसद भवन की हर ईंट, हर दीवार, हर कण गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित होगा÷**
**÷यह 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प है जो नई संसद को अर्पित किया गया है÷**

उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रत्येक राष्ट्र के इतिहास में कुछ क्षण ऐसे होते हैं जो अमर होते हैं। कुछ तिथियां समय के चेहरे पर अमर हस्ताक्षर बन जाती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 28 मई, 2023 एक ऐसा ही दिन है। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों ने अमृत महोत्सव के लिए खुद को उपहार दिया है। प्रधानमंत्री ने इस गौरवशाली अवसर पर सभी को बधाई दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह केवल एक भवन नहीं है बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि ये विश्व को भारत के दृढ संकल्प का संदेश देता हमारे लोकतंत्र का मंदिर है। उन्होंने कहा कि यह नया संसद भवन योजना को वास्तविकता से, नीति को कार्यान्वयन से, इच्छाशक्ति को निष्पादन से और संकल्प को सिद्धि से जोड़ता है। यह स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने का माध्यम बनेगा। यह आत्मनिर्भर भारत के सूर्योदय का साक्षी बनेगा और एक विकसित भारत का निर्माण होता देखेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह नया भवन प्राचीन और आधुनिक के सह-अस्तित्व का उदाहरण है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नए मॉडल केवल नए मार्गों पर चलकर ही स्थापित किए जा सकते हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि नया भारत नए लक्ष्यों को प्राप्त कर रहा है और नए पथ प्रशस्त कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि एक नई ऊर्जा, नया जोश, नया उत्साह, नई सोच और एक नई यात्रा है। नई दृष्टि, नई दिशाएं, नए संकल्प और एक नया विश्वास है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व भारत के संकल्प, उसके नागरिकों के उत?साह और भारत में मानव शक्ति के जीवन को स मान और आशा की दृष्टि से देख रहा है। उन्होंने कहा कि जब भारत आगे बढ़ता है, तो विश्व आगे बढ़ता है। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि संसद का यह नया भवन भारत के विकास से विश्व के विकास का भी आह्वान करेगा।

प्रधानमंत्री ने पवित्र सेंगोल की स्थापना का उल्लेख करते हुए कहा कि महान चोल साम्राज्य में सेंगोल को सेवा कर्तव्य और राष्ट्र के पथ के प्रतीक के रूप में देखा जाता था। उन्होंने कहा कि राजाजी और अधीनम के मार्गदर्शन में यह सेंगोल सत्ता के हस्तांतरण का पवित्र प्रतीक बन गया। प्रधानमंत्री ने एक बार फिर आज सुबह इस अवसर पर आशीर्वाद देने आए अधीनम संतों को नमन किया। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम इस पवित्र सेंगोल की गरिमा को बहाल कर सके। जब भी इस संसद भवन में कार्यवाही शुरू होगी, सेंगोल हम सभी को प्रेरणा देता रहेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक राष्ट्र ही नहीं बल्कि लोकतंत्र की जननी भी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र वैश्विक लोकतंत्र के लिए प्रमुख आधार है। उन्होंने रेखांकित किया कि लोकतंत्र केवल एक प्रणाली नहीं है जो भारत में प्रचलित है बल्कि यह एक संस्कृति, विचार और परंपरा है। वेदों का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि यह हमें लोकतांत्रिक सभाओं और समितियों के सिद्धांतों का पाठ पढाता है। उन्होंने महाभारत का भी उल्लेख किया जहां एक गणतंत्र का वर्णन किया गया है और कहा कि भारत ने वैशाली में गणतंत्र को जीया है और उसकी अनुभूति की है। श्री मोदी ने कहा कि भगवान बसवेश्वर का अनुभव मंटप्पा हम सभी के लिए गर्व की बात है। तमिलनाडु में पाए गए 900 ईस्वी के शिलालेखों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आज के दिन और युग में भी सभी को आश्चर्यचकित करता है। श्री मोदी ने कहा कि हमारा लोकतंत्र ही हमारी प्रेरणा है, हमारा संविधान ही हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि इस प्रेरणा, इस संकल्प की सबसे श्रेष्ठ प्रतिनिधि, हमारी ये संसद ही है। एक श्लोक का वर्णन करते हुए प्रधानमंत्री ने व्या या की कि भाग्य उन लोगों के लिए समाप्त हो जाता है जो आगे बढ़ना बंद कर देते हैं, लेकिन जो आगे बढ़ते रहते हैं उनका भाग्य निरंतर ऊंची उड़ान भरता रहता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्षों की गुलामी और बहुत कुछ खोने के बाद भारत ने फिर से अपनी नई यात्रा शुरू की और अमृत काल में पहुंच गया। उन्होंने कहा कि अमृत काल हमारी धरोहर को संरक्षित करते हुए विकास के नए आयामों को गढ़ने का काल है। यह अमृत काल देश को नई दिशा देने वाला है। यह असं य आकांक्षाओं को पूरा करने वाला अमृत काल है। एक श्लोक के माध्यम से लोकतंत्र के लिए नए जीवनरक्त की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए, प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र का कार्यस्थल यानी संसद भी नई और आधुनिक होनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने भारत की समृद्धि और वास्तुकला के स्वर्णिम काल का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि सदियों की गुलामी ने हमारा यह गौरव छीन लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी का भारत आत्मविश्वास से भरा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का भारत गुलामी की मानसिकता को पीछे छोड़कर कला के उस प्राचीन वैभव को अपना रहा है। यह नया संसद भवन इस प्रयास का जीता-जागता उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इस भवन में विरासत के साथ-साथ वास्तु, कला, कौशल, संस्कृति और संविधान के नोट्स भी हैं। उन्होंने बताया कि लोकसभा की आंतरिक सज्जा की थीम राष्ट्रीय पक्षी मोर और राज्यसभा की थीम राष्ट्रीय फूल कमल पर आधारित है। संसद परिसर में राष्ट्रीय वृक्ष बरगद है। नए भवन में देश के विभिन्न हिस्सों की विशिष्टताओं को शामिल किया गया है। उन्होंने राजस्थान से ग्रेनाइट, महाराष्ट्र से लकड़ी और भदोई कारीगरों द्वारा कालीन का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हम इस इमारत के कण-कण में एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना का अवलोकन करते हैं।

प्रधानमंत्री ने पुराने संसद भवन में काम करने में सांसदों के सामने आने वाली कठिनाइयों की ओर इंगित किया और सदन में तकनीकी सुविधाओं की कमी और सीटों की कमी के कारण विद्यमान चुनौतियों का उदाहरण दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक नई संसद की आवश्यकता पर दशकों से चर्चा की जा रही थी और यह समय की मांग थी कि एक नई संसद का विकास किया जाए। उन्होंने प्रसन्नता जताई की कि नया संसद भवन नवीनतम तकनीक से सुसज्जित है और सभा कक्ष भी सूरज की रोशनी से भरे पूरे हैं।

नई संसद के निर्माण में योगदान देने वाले %श्रमिकों% के साथ अपनी बातचीत का स्मरण करते हुए उन?होंने बताया कि संसद के निर्माण के दौरान 60,000 श्रमिकों को रोजगार दिया गया था और उनके योगदान को रेखांकित करते हुए सदन में एक नई दीर्घा बनाई गई है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है कि नई संसद में श्रमिकों के योगदान को अमर कर दिया गया है।

**प्रधानमंत्री ने नया संसद भवन राष्ट्र को समर्पित किया**
**स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया**
**÷जब भारत आगे बढ़ता है, तो विश्व आगे बढ़ता है÷**
**÷यह हमारा सौभाग्य है कि हम पवित्र सेंगोल की गरिमा को बहाल कर सके। सेंगोल सदन की कार्यवाही के दौरान हमें प्रेरित करता रहेगा÷**

पिछले 9 वर्षों की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी विशेषज्ञ इन 9 वर्षों को पुनर्निर्माण और गरीब कल्याण के वर्षों के रूप में मानेगा। उन्होंने कहा कि नए भवन के लिए गर्व के क्षण में निर्धनों के लिए 4 करोड़ घरों के लिए भी उन्हें संतोष का अनुभव हुआ। इसी तरह प्रधानमंत्री ने 11 करोड़ शौचालय, गांवों को जोड़ने के लिए 4 लाख किमी से अधिक सड़कों, 50 हजार से अधिक अमृत सरोवरों और 30 हजार से अधिक नए पंचायत भवनों जैसे कदमों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पंचायत भवनों से लेकर संसद तक केवल एक प्रेरणा ने हमारा मार्गदर्शन किया और वो है राष्ट्र और उसके लोगों का विकास। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से राष्ट्र के नाम अपने संबोधन का स्?मरण करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रत्येक देश के इतिहास में एक समय आता है जब उस देश की चेतना जागृत होती है। उन्होंने रेखांकित किया कि स्वतंत्रता से 25 वर्ष पूर्व गांधी जी के असहयोग आंदोलन के दौरान भारत में ऐसा समय आया था जिसने पूरे देश को एक विश्वास से भर दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि गांधी जी ने स्वराज के संकल्प से हर भारतीय को जोड़ा था। यह वह समय था जब हर भारतीय स्वतंत्रता के लिए लड़ रहा था। उन्होंने कहा कि इसका परिणाम 1947 में भारत की स्वतंत्रता थी। श्री मोदी ने कहा कि आज़ादी का अमृत काल स्वतंत्र भारत में एक चरण है जिसकी तुलना ऐतिहासिक अवधि से की जा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत अगले 25 वर्षों में अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा जो कि %अमृत काल% है। प्रधानमंत्री ने इन 25 वर्षों में प्रत्येक नागरिक के योगदान से भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि भारतीयों का विश्वास केवल राष्ट्र तक ही सीमित नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम ने उस समय विश्व के कई देशों में एक नई चेतना जगाई थी। उन्होंने कहा कि जब विविधताओं से भरा भारत जैसा देश, विभिन्न चुनौतियों से निपटने वाली विशाल आबादी वाला देश, एक विश्वास के साथ आगे बढ़ता है, तो इससे विश्व के कई देशों को प्रेरणा मिलती है। आने वाले दिनों में भारत की हर उपलब्धि विश्व के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग देशों के लिए उपलब्धि बनने जा रही है। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि भारत की जि मेदारी अब बड़ी हो गई है योंकि विकसित होने का इसका संकल्प कई अन्य देशों की शक्ति बन जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नया संसद भवन अपनी सफलता में देश के विश्वास को सुदृढ़ करेगा और सभी को एक विकसित भारत की ओर प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि हमें राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ना होगा। हमें कर्तव्य पथ को सर्वोपरि रखना होगा। हमें अपने आचरण में निरन्तर सुधार करते हुए एक उदाहरण बनना होगा। हमें अपने रास्तों का निर्माण खुद करना होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नई संसद विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को नई ऊर्जा और शक्ति देगी। उन्होंने कहा कि हमारे श्रमजीवियों ने संसद को इतना भव्य बना दिया है, लेकिन अपने समर्पण से इसे दिव्य बनाने की जि मेदारी अब सांसदों की है। संसद के महत्व पर बल देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प है जो संसद को पवित्र करता है। उन्होंने उ मीद जताई कि यहां लिया गया हर निर्णय आने वाली सदियों की शोभा बढ़ाएगा और आने वाली पीढ़ियों को सुदृढ करेगा। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि निर्धनों, दलितों, पिछड़ों, जनजातीय, दिव्यांगो और समाज के हर वंचित परिवार के सशक्तिकरण का रास्ता वंचितों के विकास को प्राथमिकता देने के साथ-साथ इस संसद से होकर गुजरेगा। श्री मोदी ने कहा कि इस नए संसद भवन की हर ईंट, हर दीवार, हर कण गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित होगा। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि अगले 25 वर्षों में इस नए संसद भवन में बनने वाले नए कानून भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाएंगे, गरीबी को भारत से बाहर निकालने में मदद करेंगे और देश के युवाओं और महिलाओं के लिए नए अवसर सृजित करेंगे।

संबोधन का समापन करते हुए, प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि संसद का नया भवन एक नए, समृद्ध, मजबूत और विकसित भारत के निर्माण का आधार बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक ऐसा भारत है जो नीति, न्याय, सच्चाई, गरिमा और कर्तव्य के मार्ग पर चलता है और मजबूत बनता है। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला और राज्य सभा के उपसभापति श्री हरिवंश नारायण सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## बीमार एवं घायल पशुओं को मिलेगी तत्काल सहायता

मंडला यशोः- उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने बताया कि मंडला जिले को 10 वेटनरी मोबाइल यूनिट मिली हैं जिसके अंतर्गत 9 विकासखंडों में एक-एक मोबाइल यूनिट एवं एक जिला मु यालय को दी गई है। जिले में कहीं से भी 1962 टोल फ्री नंबर पर कॉल करने पर घायल या बीमारी पशु को त्वरित सहायता एवं उपचार कार्य मिलेगा जिससे पशुओं के जीवन को बचाया जा सकेगा। उपसंचालक ने बताया कि प्रत्येक ए बुलेंस वाहन में एक पशु चिकित्सक, एक सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी एवं एक वाहन चालक रहेगा। यह टीम पशुपालकों के पशुओं के उपचार के लिए सशुल्क घर पहुंच सेवा उपलब्ध कराएगी। वाहन में आवश्यक दवाइयां एवं पशु चिकित्सा की सेवाएं दी जाएँगी। प्राप्त ए बुलेंसों को जल्द ही विकासखंड स्तर पर सेवाएं हेतु भेजा जायेगा।

## अब बाल्टी-गुंडी लेकर दूर नहीं जाना पड़ता - भागवती भांवरे जल-जीवन मिशन से घर में लगा है नल

मंडला यशोः- जल-जीवन मिशन से घर-घर पानी पहुंचाया जा रहा है, मिशन के इस कार्य से अनेक गांवों में जल समस्या का समाधान हो गया है। घर की महिलाओं को इस योजना से सबसे ज्यादा सहुलियत एवं लाभ मिला है। ग्राम भंवरदा की रहने वाली भागवती भांवरे भी जल-जीवन मिशन से लाभान्वित होने वाली गृहणी हैं। भागवती कहती हैं कि मैं पहले बाल्टि एवं गुंडी लेकर घर से काफ़ी दूर पानी के लिए जाती थी। लेकिन हमारे ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन से अब हर घर नल लग गया है। घर-घर नल लग जाने से हम लोगों को ख़ासकर गृहणियों को बहुत सुविधा हो गई है और हमारी परेशानी भी दूर हो गई है। अब हमें गुंडी एवं बाल्टी लेकर दूर पानी लेने के लिए दूर हेंडपंप-नदी पर नहीं जाना पड़ता है। जल जीवन मिशन के माध्यम से मिलने वाले पानी की गुणवत्ता भी अच्छी है।

# तीन सचिव निलंबित पर सीईओ ने की निलंबन की कार्यवाही

## सीएम जनसेवा के लं बित प्रकरणों पर जिला पंचायत द्वारा की गई कार्यवाही



सिवनी यशोः- मु यमंत्री जनसेवा अभियान अंतर्गत लापरवाही बरतने वाले तीन सचिव पर निलंबन की कार्यवाही की गई सिवनी दिनांक 28 मार्च 2023 को मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्रीमती निधि सिंह राजपूत द्वारा जनपद पंचायत सिवनी एवं जनपद पंचायत लखनादौन में सीएम जनसेवा अभियान अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों पर समीक्षा बैठक ली गई बैठक में प्रभारी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन एवं जनपद स्तर से पीसीओ उपयंत्री एपीओ ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रधानमंत्री आवास एवं स्वच्छ भारत मिशन एवं ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे समीक्षा बैठक में दोनों जनपद पंचायतों में सीएम जनसेवा अभियान अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के लंबित प्रकरणों पर विस्तृत समीक्षा की गई समीक्षा के दौरान जनपद पंचायत सिवनी में ग्राम पंचायत भोंगाखेडा के सचिव को लापरवाही बरतने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए दो दिवस का अवैतनिक एवं ग्राम पंचायत छीतापार के सचिव अनुपस्थित रहने के कारण दो दिवस अवैतनिक की कार्यवाही की गई इसी प्रकार ग्राम पंचायत पीपरडाही के सचिव द्वारा लंबित प्रकरणों के निराकरण ना करने पर एवं समय पर भुगतान ना करने के कारण निलंबन की कार्यवाही की गई जनपद पंचायत लखनादौन मैं समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत बीबी के सचिव रामचरण करपे को अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने मु यमंत्री जन सेवा अभियान अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों के प्रकरणों के निराकरण ना करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर नेतराम अहिरवार ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत बीवी को वित्तीय प्रभार सौंपा गया तथा ग्राम पंचायत पाठा देवरी सचिव केशव लाल यादव द्वारा अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने प्रकरणों के निराकरण ना करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर ग्राम रोजगार सहायक श्री बलराम झारिया को वित्तीय प्रभार दिया गया श्रीमती निधि सिंह राजपूत द्वारा समस्त जनपद पंचायतों के सचिवों को मु यमंत्री जनसेवा अभियान के अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों को गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए गए

# जर्जर हालत में पहुंचा पंप हाउस बदलने की उठ रही मांग

मामला गंगई रैयत पंचायत का

छपारा यशोः- जनपद पंचायत के अंतर्गत आने बाली ग्राम पंचायत गंगाई रैयत के वासियों ने जि मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से 40 साल पुराने जर्जर हो चले पंप हाउस को बदलने की मांग की है। ज्ञात हो कि संजय सरोवर परियोजना अंतर्गत आने वाली सिंचाई विभाग की कॉलोनी जोकि ग्राम पंचायत गंगई रैयत का हिस्सा है जहां पर वर्तमान समय में भी लगभग सौ परिवार के लोग निवासरत है उक्त कॉलोनी वासियों को पेयजल सप्लाई ट्यूबवेल से की जा रही है एवं लगभग 40 वर्ष पहले बनाए गए उक्त पंप हाउस है जोकि वर्तमान समय में जर्जर अवस्था में पहुंच गया है, जो कभी भी गिर सकता है। कॉलोनी वासियों ने बताया कि इसके जीर्णोद्धार के लिए कई बार आवेदन निवेदन पंचायत स्तर एवं सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों से भी किया गया किंतु फिर भी इस गंभीर मामले पर ध्यान नहीं दिया गया।



वही दूसरी ओर समुद्र में रहकर घोंघा प्यासा वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है बांध के किनारे बसी हुई इस कॉलोनी के लोगों को पेयजल से संबंधित सुविधा नहीं मिल पा रही है। वही केंद्र सरकार जल मिशन के तहत प्रत्येक गांव में पानी पहुंचाने के दावे कर रही है किंतु यहां के कॉलोनी वासियों को एक समिति बनाकर जन सहयोग से चंदा करके पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे इसको लेकर मोटर का बिल पटाती है किंतु ज्यादा बजट नहीं होने से रखरखाव के लिए उनके पास किसी भी प्रकार का कोई भी मद नहीं है यह वास्तविक स्थिति भीमगढ़ कॉलोनी सिंचाई विभाग की है। पूर्व में क्षेत्रीय विधायक ने एक मोटर उपलब्ध करवाए थे तब गांव की जनता ने विधायक से पंप हाउस निर्माण के लिए राशि की मांग भी की थी जिससे कॉलोनी वासी सौ परिवार के लोग को पानी नियमित रूप से मिल सके किंतु महल आश्वासन ही ग्राम वासियों को मिला। समस्त गंगई रैयत पंचायत के वासियों ने जि मेदार अधिकारियों क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि बारिश के पहले इस समस्या का समाधान किया जाए अन्यथा बारिश के समय यदि पंपहाउस गिर जाता है तो पीने के पानी की समस्या गंभीर रूप से आ सकती है।

**इनका कहना है**

ग्राम पंचायत द्वारा सिंचाई विभाग से निर्माण कार्य हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र ले लिया गया है जैसे ही तकनीकी स्वीकृति मिलती है नई पंप हाउस का कार्य बरसात के पहले किया जाएगा

हरीप्रसाद डेहरिया सचिव
ग्राम पंचायत गंगई रैयत

# प्रदेशव्यापी आंदोलन के लिए सिवनी में हुआ शिक्षक संयुक्त मोर्चा का गठन, 11 जून को निकलेंगे रैली

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश में पुरानी पेंशन बहाली सहित, क्रमोन्नति, ग्रेजुएटी, अनुकंपा नियुक्ति में शिथिलता, पदोन्नति, शिक्षा का निजीकरण का विरोध हेतु प्रांतीय स्तर पर शिक्षक संघो संयुक्त मोर्चा बनाया गया है। वहीं सिवनी जिले में भी अध्यापक शिक्षक संवर्ग के संघो ने भी सिवनी के दलसागर चौपाटी पर रात्रि के समय बैठक कर आम सहमति बनाई। और आगामी समय में प्रदेश स्तर से जारी दिशा निर्देश अनुसार रैली ज्ञापन आंदोलन को धरातल में उतारने का संकल्प लिया। जिसमे राज्य शिक्षक संघ, आजाद अध्यापक शिक्षक संघ, प्रांतीय संविदा शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विपनेश जैन, कपिल बघेल, श्रवण डहरवाल ने शिक्षकों को स बोधित किया। बैठक में सभी संघों ने अपनी सहमति जताते हुए संयुक्त मोर्चा के रूप में संघर्ष करने की रूप रेखा बनायी। राज्य शिक्षक संघ, आजाद अध्यापक शिक्षक संघ, प्रांतीय संविदा शिक्षक संघ के अध्यक्षों ने बताया कि आगामी 11 जून को पूरे प्रदेश के सभी जिलों में नियुक्ती दिनांक से वरिष्ठता और पुरानी पेंशन बहाली की बहु प्रतीक्षित मांग हेतु जिला स्तर पर संयुक्त रूप से रैली निकाल कर व ज्ञापन सौंपा जाएगा। शासन प्रशासन के समक्ष अपनी मांग को पूरी ताकत से रखा जाएगा और फिर 2 जुलाई 23 को जबलपुर में संभागीय स मेलन आयोजित होगा। इसी तरह सभी संभागों में भी अगल अलग तारीख में यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में आयोजित होंगे। इन सभी कार्यक्रमो के बाद भी अगर शासन प्रशासन द्वारा मांगो का निराकरण नहीं होता है तो फिर मजबूरन पूरे प्रदेश में एक विशाल अनिश्चित कालीन हड़ताल की जायेगी। और सरकार को मांगे पूरी करने हेतू बाध्य किया जाएगा। संयुक्त मोर्चा मे शामिल घटक संघठनो से शामिल पदाधिकारियों में शैलेन्द्र दीक्षित, ब्रजमोहन सनोडिया, गजेंद्र बघेल, चिंतामन राहंगडाले, परमानंद टेंभरे, डेल किशोर भगत, उमाशंकर पाठक, सुनील तिवारी, प्रेमगगन सनोडिया, कौशल ठाकुर सहित कई शिक्षक स मलित हुए।

# झूठ के आधार पर शिकायत करने वाले पर मामला दर्ज

सिवनी यशोः- राजेश तिवारी नामक व्यक्ति झूठ के आधार बनाते हुये बारबार अनेक जगह शिकायत करते रहा जाँच में पाया गया कि राजेश तिवारी गुमराह कर झूठे आधार प्रस्तुत कर रहा है जिस पर कार्यवाही करते हुये राजेश तिवारी के विरूद्ध जालसाजी का प्रकरण दर्ज किया गया है । प्राप्त जानकारी अनुसार थाना लखनवाडा अंतर्गत ग्राम जैतपुरकलां निवासी राजेश तिवारी पिता स्व. कुंदनलाल तिवारी ने दिनांक 22.04.2023 को सी.एम. हेल्पलाईन में शिकायत क्रमांक 21907587 दर्ज कराया जिसमें शिकायत का विवरण दर्ज कराया कि "बच्ची की जन्मतिथि 14.09.2005 है एडमिशन के समय एक वर्ष बढाकर एडमिशन कर लिया था किन्तु इन सब बातो को न मानते हुए 14.09.2004 के अनुसार रिपोर्ट लिखी गई÷

इसी प्रकार राजेश तिवारी द्वारा सी.एम. हेल्पलाईन में दोबारा शिकायत दिनांक 30.04. 2023 को सी.एम. हेल्पलाईन में शिकायत कमांक 22034075 दर्ज कराई जिसमें शिकायत का विवरण "अपनी बच्ची की उम्र 17 वर्ष 7 माह बताते हुए नाबालिक है नाबालिक के अनुसार कार्यवाही की जानी चाहिये "

शिकायतकर्ता राजेश तिवारी द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कले टर महोदय एवं महिला बाल विकास आयोग में दिनांक 28.04.2023 को शिकायत दिया कि इसकी बच्ची नाबालिक है, अनावेदकगणों द्वारा बहला फुसलाकर जबरन विवाह करवाया गया है। जबकि पूर्व में शिकायतकर्ता राजेश तिवारी द्वारा दिनांक 11.03.2023 को थाना उपस्थित आकर बच्ची की गुम इंसान रिपोर्ट गुम इंसान कमांक 13/2023 दर्ज कराई गई।

गुम इंसान कमांक 13/2023 की जांच में दिनांक 16.03.2023 को गुमशुदा बालिका को दिनांक 16.03.2023 को दस्तयाब किया गया। जांच में गुमइंसान बालिका की कक्षा 10वीं की अंकसूची में जन्म तारीख 14.09.2004 होना पाया गया। राजेश तिवारी द्वारा दिनांक 27.03.2023 को जन्म प्रमाण पत्र में जन्मतिथि 14.09.2005 लेख करवाकर पेश किया गया। जिसकी जांच करने पर पाया गया कि शिकायतकर्ता के स्वयं के द्वारा झूठा शपथ पत्र बनवाकर छल पूर्वक बच्ची की जन्म तारीख नाबालिक बताकर जन्मतिथि को परिवर्तित करने के लिए झूठी जानकारी देकर न्यायालय में आवेदन किया गया था एवं बच्ची के सभी शैक्षणिक दस्तावेज कक्षा 10वीं की अंकसूची, दाखिल खारिज पंजी एवं आधार कार्ड में जन्म तारीख 14.09.2004 (चौदह सितंबर वर्ष दो हजार चार) होना पाया गया। संपूर्ण जांच में शिकायतकर्ता राजेश तिवारी के द्वारा जन्मतिथि को परिवर्तित कराने हेतु नोटराईड शपथ पत्र देकर छल के प्रयोजन से कूटरचना की गई जिससे जन्म प्रमाण पत्र का गलत तरीके से इस्तेमाल किया जा सके।

राजेश तिवारी के द्वारा छल करके कूटरचित दस्तावेज गलत तरीके से इस्तेमाल करने हेतु तैयार करना पाए जाने से राजेश तिवारी पिता स्व. कुजनलाल तिवारी उम्र 49 वर्ष नि. ग्राम जैतपुरकलां के विरूद्ध थाना लखनवाडा में धारा 420, 465, 466, 468, 471 ताहि, का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

## नया संसद भवन राष्ट्र की प्रगति का साक्षी बनेगा -मु यमंत्री

नये संसद भवन की रचना के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी अभिनंदन के पात्र

भोपाल - मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि नया संसद भवन राष्ट्र की प्रगति और एकता का साक्षी बनेगा। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उन्हें नए संसद भवन के गरिमामय लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य मिला है। देशवासी जहाँ लोकतंत्र के इस नवीन भव्य मंदिर में नये भारत का उज्ज्वल और स्वर्णिम भविष्य देख रहे हैं, वहीं कुछ लोगों की आँखों में बंधी पट्टी उन्हें सच्चाई नहीं देखने दे रही है। ऐसे लोगों से बस यही कहना है- ÷जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी।÷

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि नया संसद भवन, भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण के साथ देश की एकता, अखण्डता और प्रगति का साक्षी बनेगा। इस श्रेष्ठ और अभूतपूर्व रचना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी अभिनंदन के पात्र हैं।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जब %नए भारत का नया संसद भवन% राष्ट्र को समर्पित किया और राजधर्म, न्याय, निष्पक्षता, संप्रभुता, अक्षुण्णता एवं सामर्थ्य को साष्टांग दंडवत प्रमाण किया, तब वह क्षण ऐतिहासिक था। यह पल देश के लोकतांत्रिक इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। आज पूरे देश का मन उत्साह और गौरव से भरा हुआ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नवनिर्मित संसद भवन का लोकार्पण कर नवनिर्माण के संकल्पों की ओर अग्रसर भारत को नई गति दी है। यह स्वर्णिम पल इतिहास में दर्ज हो गया, जब वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नये संसद भवन में ऐतिहासिक %सेंगोल% स्थापित किया। यह एक स्मरणीय क्षण था।



मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान नवीन मध्यप्रदेश भवन परिसर में पौध-रोपण किया। मु यमंत्री श्री चौहान ने चंपा का पौधा लगाया।

## मु यमंत्री निवास पर 29 मई को होगी स्ट्रीट वेंडर्स पंचायत मु यमंत्री श्री चौहान करेंगे हाथ ठेला हितग्राहियों को लाभ वितरण

भोपाल- मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 29 मई को अपरान्ह 3 बजे मु यमंत्री निवास में नगरीय क्षेत्र के हाथ ठेला, फेरी वाले और रेहड़ी वालों की होने वाली पंचायत में स्ट्रीट वेंडर्स से रू-ब-रू संवाद करेंगे। साथ ही लघु व्यवसायों से जुड़े स्ट्रीट वेंडर्स की पंचायत में हितग्राहियों को लाभ वितरण भी करेंगे। हितग्राहियों द्वारा अपने अनुभव भी साझा किए जाएंगे। योजना पर केन्द्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी होगा। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सभी नगरीय निकायों में किया जाएगा।

मु यमंत्री श्री चौहान के निर्देशन में स्ट्रीट वेंडर्स के कल्याण के लिए अनेक योजनाएँ संचालित हैं। इनका लाभ पात्र लोगों को सही ढंग से मिले, इसके लिए अभियान संचालित किया जा रहा है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग और स्थानीय प्रशासन हाथ ठेले और फेरी लगा कर छोटा-मोटा कारोबार करने वाले लोगों को लाभान्वित करने का कार्य कर रहे हैं। नगरीय क्षेत्र में व्यवसाय के लिए पर्याप्त स्थान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उनकी रोजी-रोटी चलती रहे।

# प्रत्येक ग्राम पंचायत मु यालय में नमो चौपाल का निर्माण होगा - कृषि मंत्री

## किसान जैविक खेती को अपनाए -उच्च शिक्षा मंत्री

भोपाल - किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री कमल पटेल ने कहा है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत मु यालय पर नमो चौपाल का निर्माण किया जाएगा। मंत्री श्री पटेल उज्जैन में हुए एग्री ऐ सपो (कृषि मेले) के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नमो चौपाल पर किसान, ग्रामीण और कृषि वैज्ञानिक खेती-किसानी पर सामूहिक चर्चा करेंगे। मेले में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों से आहवान किया कि वे जैविक खेती की ओर आगे बढ़ें। मंत्री श्री पटेल ने एग्री ऐ सपो में लगाये गये विभिन्न स्टाल का अवलोकन किया।





कृषि मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जननी जन्म-भूमि हम सबके लिये महान है। किसानों से आधुनिक खेती, उन्नत खेती, जैविक खेती आदि की चर्चा के लिये कृषि मेलों का आयोजन किया जा रहा है। किसानों के हित में मंडियों का सुदृढ़ीकरण किया गया है। उन्होंने कृषि स बन्धित योजनाओं का विस्तार से जिक्र करते हुए किसानों से आहवान किया कि वे अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लें। शिवराज सरकार किसानों की चिन्ता करने वाली सरकार है। पहले कृषि विश्वविद्यालयों में प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती स बन्धित विषयों को पढ़ाया नहीं जाता था, परन्तु अब उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे इस स बन्ध में पढ़ाने का कार्य करें, जिससे हमारे किसान अधिक से अधिक प्राकृतिक एवं जैविक खेती कर सकें।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान अधिक से अधिक जैविक खेती करें। सांसद श्री अनिल फिरोजिया ने कहा कि मोटा अनाज का उपयोग अधिक से अधिक करें। मोटा अनाज खाने में अधिक उपयोग करें। स्थानीय विधायक श्री पारस जैन ने कहा कि किसान जैविक खेती कर उत्पादन बढ़ायें। मेले में सर्वश्री बहादुर सिंह बोरमुंडला, अनिल जैन कालूहेड़ा, सोनू गेहलोत, भारत सिंह बैस, विनोद शर्मा, कमल आंजना, नाहर सिंह पंवार, किसान आदि उपस्थित थे।

### ÷आत्मा÷ कार्यालय का लोकार्पण

मंत्री श्री पटेल ने किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के परियोजना संचालक %आत्मा% के उज्जैन कार्यालय का लोकार्पण किया।

### संयुक्त संचालक कृषि कार्यालय का भूमि-पूजन

मंत्री श्री पटेल ने उज्जैन में किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के संभागीय कार्यालय ज्ञान प्रसार केन्द्र (संयुक्त संचालक कृषि) का भूमि-पूजन किया।

## 10 जून से भाजपा सरकार लाडली बहनों के खातों में देगी 1000

मण्डला यशोः- प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी सरकार के मु यमंत्री श्री शिवराज सिह चौहान ने प्रदेश की बहनों के स मान में लाडली बहना





योजना का शुभारंभ किया है इस योजना के तहत 10 जून से लाडली बहनों के खाते में प्रत्येक महीने 1 हजार रूपये प्रदेश की शिवराज सरकार भेजेगी। उक्त आशय के उदगार भाजपा नेत्री सिहोरा विधायक नंदनी मरावी ने भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मातृशक्ति कांग्रेस के बहकावे से बचें कांग्रेस के झूठे वादे के चक्कर में ना आयें। अपने दस्तावेज गैर सरकारी संस्था में जमा ना करें, गोपनीय दस्तावेज आधार कार्ड, मोबाईल नंबर, खाता नंबर, समग्र आईडी, सहित अन्य जानकारी किस भी गैर सरकारी संस्था को देने से बचें, ` योंकि इन दस्तावेजों से साईबर फ्रॉड होने की संभावना है। कांग्रेस हमेशा प्रदेश की जनता को गुमराह व छ्ल कर ठगने का काम किया है। चुनाव के समय में कांग्रेस नये-नये झूठे वादे और हथकंडे अपनाकर जनता को वोट के लिए हमेशा गुमराह करने में आगे रही है, विधायक श्रीमति नंदनी मरावी ने कहा कि लाडली बहना योजना में प्रदेश में लगभग 1 करोड 30 लाख महिलाओं ने अपना पंजीयन कराया हैं। सभी पात्र महिलाओं को 10 जून को माननीय मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान महिलाओं के स मान में यह राशि डिजीटल ि लक के माध्यम से खाते में पहुंचायेंगे। यह ऐतिहासिक निर्णय मध्यप्रदेश की महिलाओ की सुरक्षा स मान और उनके आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में स्वागत योग्य है। इसके पूर्व प्रदेश की लाडली लक्ष्मी योजना ने पूरे देश का ध्यान भाजपा सरकार की इस योजना की ओर आकर्षित किया था। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुषमा मिश्रा, जिला मंत्री कृष्ण कुमार चौकसे, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू कछवाहा, महामंत्री शिखा श्रीवास्तव उपस्थित थे।

**कांग्रेस के झूठे प्रचार और बहकावे से बचें प्रदेश की लाडली बहना**

**लाडली बहना योजना को लेकर महिला मोर्चा की आयोजित हुई पत्रकार वार्ता**

## प्रारंभ का सुयश

मंडला यशोः- शासकीय जगन्नाथ नवरत्न स्कूल के छात्र प्रारंभ यादव ने कक्षा 10 वीं में 94.8 प्रतिशत के साथ प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। वे राजेश और मीना यादव के सुपुत्र हैं। इनकी उपलब्धि पर सभी मित्रों, परिजनों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## कौशल उन्नयन प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 जून तक आमंत्रित

मंडला यशोः- जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि हाथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्रों के लिए कौशल एवं तकनीकि विकास योजना 2021 अंतर्गत मंडला जिले के बुनकरों एवं शिल्पियों, स्व-सहायता समूहों, बुनकर सहकारी समितियों, मास्टर उद्यमियों से वर्ष 2023-24 के लिए कौशल उन्नयन प्रशिक्षण के लिए 30 जून 2023 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जिला पंचायत मंडला 8989723206 से संपर्क कर सकते हैं।

## वीडियो कॉफ्रेंस आज

मंडला यशोः- अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 के लिये एफएलसी का कार्य माह जून 2023 के प्रथम सप्ताह में प्रारंभ होने जा रहा है। एफएलसी कार्यक्रम से लेकर अन्य सभी गतिविधियां ईएमएस 2.0 पर ही की जानी है जिसके तारत य में 29 मई 2023 को अपरान्ह 4:30 बजे से वीडियो कॉफ्रेंस आयोजित की गई।

# आदि उत्सव समापन: अंतिम दिन जनजाति संगोष्ठी आयोजित, प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण

मंडला यशोः- 27 एवं 28 मई को रामनगर मंडला में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले आदि उत्सव का समापन हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिन 28 मई को जनजातीय शोध एवं जनजातीय योगदान पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के विद्वान उपस्थित हुए। वक्ताओं ने आदिवासियों के धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही ऐतिहासिक पक्ष पर विस्तार से जानकारी देते हुए स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी जननायकों के कार्य, आंदोलन एवं शहादत पर प्रकाश डाला। विद्वानों ने आदिकाल से नारीशक्ति के उत्थान के लिए हुए जनजातीय आंदोलन, उनके सशक्तिकरण पर भी बात की। इसी प्रकार देशभर की वीरांगनाओं की पर परा के बारे में बताया। इस दौरान केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायक मंडला देवसिंह सैयाम, कले टर डॉ. सलोनी सिडाना, एसपी रजत सकलेचा, पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, जिला पंचायत सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सुधीर कसार एवं जनमानस उपस्थित रहे।





### अतिथियों ने किया प्रतिभाओं का स मान

आदि उत्सव के अंतिम दिन 28 मई को जनजातीय संगोष्ठी के पश्चात 24 मई से प्रारंभ हुई विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मंच से अतिथियों ने स मानित किया। 24 मई से कबड्डी, तीरंदाजी एवं बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इन प्रतियोगिताओं में अलग-अलग आयुवर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। विजेता एवं उप विजेताओं को ट्रॉफी देकर स मानित किया गया। आदि उत्सव के समापन के अवसर पर जेईई-विशिष्ट परीक्षा में सफल होने वाले जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों का भी अतिथियों ने स मान करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। अतिथियों ने संगोष्ठी में पहुंचे वक्ताओं का भी मंच से स मान किया। लोक कलाकारों के गुदुम नृतक दल ने अपनी शान प्रस्तुति से उपस्थितजनों की तालियां बटोरी।

## पशु चिकित्सीय अमले ने पशुओं का किया उपचार एवं दवा वितरण

मंडला यशोः- उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ल पी बीमारी के संबंध में प्रकाशित खबरों के आधार पर पशुपालन विभाग के चिकित्सीय अमले ने ग्राम ब हनी क्षेत्र का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान पशुपालकों के नाम एवं उनके पशुओं के छपे फोटोग्राफ के आधार पर मौके पर पहुँचकर निरीक्षण किया गया। चिकित्सीय दल द्वारा पशुपालक के घर जाकर निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि संतलाल हरदाहा ब हनी बंजर की गायों में पूर्व में ल पी बीमारी का माइल्ड प्रकोप था, जो कि अब पूरी तरह से ठीक हो चुका है। साथ ही श्री हरदाहा को पशुओं के अच्छे स्वास्थ्य के लिए मल्टीविटामिन, स्किन क्रीम एवं अन्य औषधिया प्रदाय की गई।

उपसंचालक ने बताया कि ल पी बीमारी के संबंध में सभी संस्था प्रभारियों को आवश्यक निर्देश समय-समय पर दिए जा रहे हैं एवं ल पी बीमारी का टीकाकरण भी पूरे जिले में कराया जा रहा है। अब तक कुल 45000 पशुओं में ल पी के टीके लगाये जा चुके हैं एवं आगे भी टीकाद्रव्य उपलब्ध होने पर टीके लगाये जाने का क्रम जारी रहेगा। पशुपालकों से अपील है कि ल पी बीमारी रोग से घबराने की आवश्यकता नहीं है। गर्मी के समय अपने पशुओं को खुला ना छोड़ें, गौशाला व छायादार जगह पर बांधकर रखें इत्यादि समझाइश दी गई, ल पी बीमारी से बचाव ही उपचार है।

# अमानक बीजों के विक्रय पर अंकुश लगाएगी सहकार भारती मंडला'

मंडला। सहकार भारती की आज हुई बैठक जिसमे विभिन्न विषयों में हुई चर्चा स्थानीय लैंप्स परिसर स्टेट बैंक के सामने मंडला में रविवार 28 मई को सहकार भारती मंडला की मासिक बैठक संपन्न हुई।

जिलाध्यक्ष जगदीश राय के नेतृत्व में संपन्न हुई बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और सहकारिता से जुड़े मंडला जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहभागिता में मंडला जिले के किसानों को अमानक बीज विक्रय और ज्यादा दर पर बीज विक्रय न हो सकें। इस दिशा में अब सहकार भारती मंडला की टीम भी जिला प्रशासन को सहयोग करेगी।

बैठक में उपस्थित प्रभारी उपसंचालक कृषि कल्याण आर. डी. जाटव प्रभारी (क्। ) एवम ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी डी एस धुर्वे मंडला ने कहा -अमानक बीज का



विक्रय अपराध की श्रेणी में आता है। सहकार भारती के द्वारा किसानों के हित में किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है। किसानों के हित में शासन की योजनाओं का लाभ हर किसानों को मिले, खेत की मिट्टी की जांच के उपरांत आवश्यकतानुसार जरूरी पोषक तत्व का भी उपयोग किया जाना जरूरी है। इस दिशा में और शासन की ढेर सारी योजनाओं का लाभ हर किसानों को मिले साथ ही यूरिया खाद का गलत मात्रा में उपयोग और गलत तरीके से उपयोग किए जाने से किसानों लाभ नहीं मिल पाता। उपरोक्त सभी जानकारी दिए जाने हेतु जागरूकता बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया राज्य कार्यालय की अनुमति के बगैर कोई भी बीज उत्पादक कंपनी जिले में बीज विक्रय नहीं कर सकती । मेरा ये निवेदन है सहकारिता के क्षेत्रों से जुड़े प्रमुख पदाधिकारियों की सहभागिता में एक प्रशिक्षण की नितांत आवश्यकता है जिसमें सहकारिता क्षेत्र के सभी प्रबंधकध् प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति हो उनके माध्यम से जिले के हर किसानों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे। इस हेतु सहकार भारती मंडला की टीम से मेरा आवाहन है। मैं स्वयं उपस्थित होकर शासन की योजनाओं की और भी ढेर सारी जानकारी दूंगा। जिससे किसानों को निश्चित तौर पर और ज्यादा लाभ होगा। आप सभी अमानक बीज विक्रय की जानकारी देकर हमे सहयोग करें। हम तुरंत कार्यवाही करेंगे । जिले में किसी भी हाल में अमानक बीज का विक्रय नहीं होगा और बीज तय दर से अधिक मूल्य पर बीज विक्रय पर अंकुश लगाया जाएगा।

सहकारिता क्षेत्र जिला संघ के जिला अध्यक्ष भोला राय एवम प्रबंधक लैंप्स केहरपुर एवम उपाध्यक्ष सहकार भारती मंडला सुनील जैन ने सहकारिता के क्षेत्र की समस्या और समाधान के लिए अब तक किए गए प्रयास के बारे में अपनी बात को विस्तार से साझा की । उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पदानुसार वेतन विसंगति की बहुत बड़ी समस्या है । जो पिछले कई वर्षो से आज तक चल रही है। विगत दिवस धरना, प्रदर्शन , आंदोलन के माध्यम से भी जिला और प्रदेश स्तर पर प्रयास किया गया । किंतु शासन के द्वारा कोई सकारात्मक परिणाम या लिखित आश्वासन अभी तक नहीं मिला और अब सहकार भारती से भी हमारी इस लड़ाई में सहयोग किए जाने हेतु निवेदन है।

सहकार भारती के उपाध्यक्ष पूरन सिंह ठाकुर , जिला विपणन प्रकोष्ठ प्रमुख अनूप मिश्रा, जिला डेरी प्रकोष्ठ प्रमुख हरपाल कछवाहा ने कार्यकारणी के विस्तार के लिए निवास, बिछिया,नैनपुर और घुघरी में माह जून में बैठक किए जाने संबंधित बात रखी।

आज की बैठक में सहकार भारती के जिला महामंत्री रंजीत कछवाहा, प्रबंधक हिरदेंगर प्रफुल्ल चौरसिया, जिला मंत्री वीरेंद्र वर्मा , जिला मंत्री जितेंद्र चौरसिया, जिला प्रचार मंत्री अखिलेश सोनी, अजय सिंह कछवाहा, सुभाष कछवाहा की सक्रिय सहभागिता रही।

## स्वास्थ्य, पेयजल एवं विद्युत समस्या के लिए कंट्रोल रूम दूरभाष नंबर 07642-251079

मंडला यशोः- ग्रीष्मकालीन सत्र 2023 जिला आपदा प्रबंधन के अंतर्गत जनसामान्य को लू- (तापघात) के प्रकोप से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं व पेयजल समस्याओं एवं विद्युत समस्याओं के संबंध में जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों एवं उनके समुचित निराकरण हेतु कार्यालय कले टर मण्डला के अधीक्षक कक्ष में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जनसामान्य कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 07642-251079 पर संपर्क कर सकते हैं।

## पटवारियों से अभद्रता... शीर्षक का समाचार पूर्णतः निराधार एवं असत्य

### कले टर ने मीडिया को दी वस्तुस्थिति की जानकारी

मंडला यशोः- 28 मई 2023 को 'पटवारियों ने कले टर पर लगाए अभद्रता के आरोप' सहित अलग-अलग शीर्षक से प्रकाशित समाचार के संबंध में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बताया कि यह खबर पूर्णतः असत्य एवं निराधार है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार के दिन डाइट मंडला में 2018 से लंबित वनाधिकार पट्टों के निराकरण के लिए वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, सचिव एवं पटवारी के लिए प्रशिक्षण रखा गया था। इस दिन पटवारियों का राज्य स्तरीय सामूहिक अवकाश पर होने के बावजूद कुछ पटवारी जनहित को ध्यान में रखते हुए इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला में शामिल हुए। पटवारी गीतू बैरागी द्वारा प्रशिक्षण में शामिल हुए अन्य पटवारियों को गेट पर खड़े होकर प्रशिक्षण में शामिल होने से रोका गया। कले टर ने बताया कि पटवारी बैरागी द्वारा किया गया यह कृत्य शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने की श्रेणी में आता है जो कि दांडिक अपराध भी है।

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बताया कि उक्त संबंध में स्पष्टीकरण देने के लिए पटवारी बैरागी को कले टर कार्यालय में बुलाकर समझाईश दी गई किन्तु उन्होंने स्पष्टीकरण का जवाब देने के स्थान पर स्वयं को बचाने के लिए निराधार एवं असत्य कहानी बनाई। साथ ही अच्छे कार्य करने वाले पटवारियों को भी गुमराह करते हुए झूठी एवं निराधार बातें कही। कले टर डॉ. सिडाना ने बताया कि इस घटनाक्रम के दौरान कले टर कार्यालय में एडीएम मीना मसराम एवं एसएलआर भी मौजूद थे।

# मु यमंत्री सीखो-कमाओ योजना: प्रशिक्षित युवाओं को मिलेगी स्टाईपेंड

### 22 मई से 6 जून 2023 तक पुणे, बैंगलौर तथा 1 से 14 जून 2023 तक होगी संभागीय कार्यशालाएं, 15 जून से युवाओं के पंजीयन होंगे प्रारंभ 31 अगस्त से प्रशिक्षण प्रारंभ, एक माह बाद होगी राशि वितरण

मंडला यशोः- तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा प्रस्तावित नवीन योजना ÷मु यमंत्री सीखो-कमाओ योजना÷ के अंतर्गत, कम से कम एक लाख युवाओं को प्रतिष्ठानों में प्रशिक्षण कराने के उद्देश्य से एक हजार करोड़ की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना अंतर्गत 18-29 वर्ष के युवा जो मध्यप्रदेश के स्थानीय निवासी हैं तथा जिनकी शैक्षणिक योग्यता 12वीं अथवा आईटीआई या उच्च है, वे पात्र होंगे। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को 8-10 हजार रुपये प्रतिमाह स्टाइपेण्ड प्राप्त होगा। स्टाइपेण्ड का 75 प्रतिशत राज्य शासन द्वारा डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड (एमपीएसएसडीईजीबी) द्वारा स्टेट काउंसिल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (एससीवीटी) का प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। मु यमंत्री सीखो कमाओ योजना में 18 से लेकर 29 वर्ष तक के मध्यप्रदेश के निवासी युवा भाग ले सकेंगे। इस योजना में 12वी या आईटीआई पास अथवा उच्च शिक्षित युवा भी लाभान्वित हो सकेंगे। योजना के अंतर्गत ट्रेनिंग के दौरान 5वीं से 12वी उत्तीर्ण युवाओं को 8 हजार रूपए, आईटीआई पास को 8500, डिप्लोमा धारी को 9 हजार रूपए और स्नातक अथवा उच्च शिक्षित युवाओं को 10 हजार रुपये स्टाइपेंड के रूप में प्रतिमाह प्रतिमाह दिया जाएगा। योजना के माध्यम से इंजीनियरिंग, इले ट्रॉनि स, मैकेनिकल, सिविल, मैनेजमेंट एवं मार्केटिंग क्षेत्र, सेवा क्षेत्र, होटल मैनेजमेंट, टूरिज्म और ट्रैवल अस्पताल, रेलवे, आईटी और सॉ टवेयर डेवलपमेंट क्षेत्र, उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण आदि। ऐसे क्षेत्र जिनमें प्रशिक्षण उपरांत छात्र- प्रशिक्षणार्थी गिग इकोनोमी एवं ब्लू कॉलर जॉब्स हेतु उपयुक्त होंगे। प्रत्येक माह निर्धारित स्टाइपेण्ड का 75 प्रतिशत राज्य शासन की ओर से छात्र-प्रशिक्षणार्थी को डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। प्रतिष्ठान को निर्धारित न्यूनतम स्टाइपेण्ड की 25 प्रतिशत राशि छात्र-प्रशिक्षणार्थी के बैंक खाते में जमा करना होगा। प्रतिष्ठान निर्धारित राशि से अधिक स्टाइपेण्ड देने के लिए स्वतंत्र होगा।

मु यमंत्री सीखो कमाओ योजना के अंतर्गत 22 मई से 6 जून 2023 तक मध्यप्रदेश एवं प्रमुख आईटी, औद्योगिक केंद्रों पुणे, बैंगलोर आदि में इंडस्ट्री वर्कशॉप आयोजित होगी। इसी प्रकार 1 जून से 14 जून 2023 तक संभागीय कार्यशालाएं भी आयोजित होंगी।

## मप्र कांग्रेस महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका किरार का मण्डला नगरागमन



मंडला यशोः- विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर मध्यप्रदेश कांग्रेस महिला उत्पीड़न प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष का मण्डला आगमन हुआ। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष निशा तेकाम ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष किरार ने प्रकोष्ठ की कार्यकर्ताओं की बैठक ली जिसमे नारी स मान योजना की समीक्षा की गई एवं अधिक से अधिक महिलाओं को इस योजना से जोड़ने एवं घर घर जाकर महिलाओं के फार्म भरने हेतु निर्देशित किया। साथ ही 12 जून को प्रियंका गाँधीजी के जबलपुर आगमन पर अधिक से अधिक सं या में पहुंचकर कार्यक्रम सफल बनाने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर मप्र कांग्रेस के महामंत्री गुलाब उइके जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश तिवारी महिला कांग्रेस अध्यक्ष शकुन जंघेला ब्लॉक अध्यक्ष रोहिणी स्वरूप रेखा महोबिया रेस्मा अल्वी इंद्रजीत भंडारी अमन लाहौरिया सहित प्रकोष्ठ की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्व-रोजगार स्थापित करने प्रशिक्षण के लिए ऑनलाईन आवेदन 31 तक

मंडला यशोः- मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड भोपाल द्वारा संचालित कौशल विकास कार्यक्रम योजना अन्तर्गत वर्ष 2023-24 के लिए जिले में स्वरोजगार की संभावना एवं स्वयं का रोजगार स्थापित करने के उद्देश्य से मण्डला के लिए 25 प्रशिक्षणार्थियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षणार्थियों को जिला स्तर पर ही प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। बोर्ड द्वारा विभिन्न रोजगारन्मुखी व्यवसायों जैसे- फैशन डिजाईनिंग, बेसिक सिलाई गारमेंट, लेदर गुड्स, बेकरी, फूड प्रोसेसिंग फल एवं सब्जी (आचार, पापड़, मसाले एवं अन्य), क प्यूटर हार्डवेयर रिपेयरिंग, क प्यूटर एकाउण्ट विथ टेली, घरेलू उपकरण मर मत, इले ट्रीशियन, प्ल बर, राजमिस्त्री, दोना पत्तल, टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर, मर मत, ट्रे टर रिपेयरिंग, क प्यूटर ऑपरेटर कारपेंटर, मोबाईल रिपेयरिंग, जिक-जेक मशीन इ ब्रोइडरी, जरी जरदोसी, विडियोग्राफी फोटोग्राफी, मोटर वाइरिंग, मेनुअल ज्वेलरी डिजाईन, अगरवत्ती निर्माण, रिटेल सेल एसोसिएट आदि में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आवेदन ऑनलाईन 31 मई 2023 तक आमंत्रित किये गए हैं। कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन बोर्ड की विभागीय वेबसाईट पर किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए प्रबंधक, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, जिला पंचायत मण्डला मोबाईल न बर-8959500194 पर स पर्क कर सकते हैं।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिनी कार्यकर्ता एवं सहायिका की अनंतिम सूची जारी

मंडला यशोः- महिला एवं बाल विकास परियोजना नैनपुर, मवई, निवास, बीजाडांडी, मोहगांव, मंडला, बिछिया एवं घुघरी के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त पदों के चयन हेतु अनंतिम सूची जारी कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परियोजना नैनपुर के आंगनवाड़ी केन्द्र डोभी-1 में रिक्त आंगनवाड़ी सहायिका के पद हेतु वर्षा झारिया, आंगनवाड़ी केन्द्र सुन्हाटोला में कार्यकर्ता पद हेतु सावित्री परते तथा आंगनवाड़ी केन्द्र मक्के-2 में कार्यकर्ता के पद हेतु यामनि भांवरे को प्रथम वरीयता दी गई है। इसी प्रकार परियोजना मवई के आंगनवाड़ी केन्द्र बीजा क्रं.-1 में कार्यकर्ता पद हेतु रमा छांटा, आंगनवाड़ी केन्द्र खलौड़ी में कार्यकर्ता के पद हेतु गंगा तिलगाम, आंगनवाड़ी केन्द्र पटपरा में सहायिका के पद हेतु द्रोपती सोनवानी तथा आंगनवाड़ी केन्द्र ख हरिया में कार्यकर्ता के पद हेतु सुनीता पैखवार का चयन किया गया है। परियोजना निवास के आंगनवाड़ी केन्द्र बस्तरी-2 में सहायिका के पद हेतु स या धुर्वे, आंगनवाड़ी केन्द्र भजिया में सहायिका के पद हेतु रजनी बाई तथा आंगनवाड़ी केन्द्र हाथीतारा माल में सहायिका के पद हेतु रजनी तेकाम का चयन किया गया है। परियोजना बीजाडांडी में आंगनवाड़ी केन्द्र कटंगी में सहायिका के पद हेतु जानकी मरकाम, आंगनवाड़ी केन्द्र लखनपुर में मिनी आं.बा. कार्यकता के पद हेतु दीक्षा बर्मन, आंगनवाड़ी केन्द्र मोहगांव में सहायिका के पद हेतु सिलोचना परते तथा आंगनवाड़ी केन्द्र समनापुर में कार्यकर्ता के पद हेतु गीता मरावी का चयन किया गया है। परियोजना मोहगांव में आंगनवाड़ी केन्द्र मुकद्दमटोला घुघरा में सहायिका के पद हेतु भागवती परते, आंगनवाड़ी केन्द्र ठेभा में कार्यकर्ता के पद हेतु मंत्री तेकाम एवं आंगनवाड़ी केन्द्र झीना में कार्यकर्ता हेतु निशा विश्वकर्मा का चयन किया गया है। परियोजना मंडला में आंगनवाड़ी केन्द्र मधुपुरी में सहायिका हेतु भूमिका सिंगरौरे का चयन किया गया है। परियोजना बिछिया में आंगनवाड़ी केन्द्र दानीटोला-2 में सहायिका हेतु संगीता धुर्वे तथा आंगनवाड़ी केन्द्र नेवसा बहेरा में सहायिका हेतु सपना राजपूत का चयन किया गया है। परियोजना घुघरी में आंगनवाड़ी केन्द्र महली में कार्यकर्ता हेतु सरिता धुर्वे, आंगनवाड़ी केन्द्र मदनपुर-1 में सहायिका हेतु सरस्वती धूमकेती तथा आंगनवाड़ी केन्द्र कटंगी-2 में कार्यकर्ता के पद हेतु संगीता धुर्वे का चयन किया गया है।

परियोजना अधिकारी ने बताया कि आवेदकों को चयन संबंधी दावे-आपत्ति हों वे सूची प्रकाशन दिनांक से 10 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय पर कले टर जिला मंडला के समक्ष अपील की जा सकती है।

## आदि उत्सव: पेसा ए ट क्रियान्वयन पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न

मंडला यशोः- आदि उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत रामनगर मंडला में पेसा ऐ ट के क्रियान्वयन के संबंध में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते ने कहा कि आदिवासियों को विकास की मु य धारा से जोड़ने के लिए केन्द्र तथा राज्य सरकार संकल्पित है। पेसा ऐ ट के माध्यम से सत्ता के विकेन्द्रीकरण का प्रयास किया जा रहा है। ऐ ट लागू होने से ग्राम से संबंधित निर्णय ग्रामसभा द्वारा ही लिए जाएंगे। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों का आव्हान किया कि वे प्रशिक्षण में सीखकर जाएं तथा पेसा ऐ ट के प्रावधानों का जनहित में क्रियान्वयन करें। कार्यशाला को संबोधन करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि पेसा ऐ ट ने जल, जंगल तथा जमीन पर अधिकार दिलाने का काम किया है। ऐ ट का जनहित में ज्यादा से ज्यादा उपयोग करते हुए ग्राम विकास की नीव रखें।

प्रशिक्षण में भारत सरकार के पंचायत राज विभाग से निलय कुमार सिंह, महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज संस्थान जबलपुर के डिप्टी डायरे टर एसके संचान सहित विषय-विशेषज्ञों ने भी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यशाला में पूर्व राज्यसभा सांसद संपतिया उईके, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कले टर डॉ. सलोनी सिडाना, एसपी रजत सकलेचा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश तेकाम, जिला पंचायत सीईओ रानी बाटड, जिला पंचायत सदस्य, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन एसीईओ एसएस मरावी ने किया।

## घर में पानी मिल रहा है, अब हम सब खुश भी हैं, सुखी भी

मंडला यशोः- मंडला जिले के अलग-अलग पंचायतों में जल-जीवन मिशन का कार्य किया जा रहा है। अनेक पंचायतों में मिशन का कार्य पूर्ण भी हुआ है। जिन पंचायतों में जल-जीवन मिशन से घर-घर पानी मिल रहा है वहां के ग्रामवासी भी काफी खुश हैं। घर की महिलाएं-बेटियाँ जल-जीवन मिशन से सर्वाधिक खुश हैं। गौंझी माल की रहने वाली गृहणी घर में नल से पानी मिल जाने से खुश है और कहती हैं कि घर में पानी मिल जाने से परिवार के सभी लोग सुखी हो गए हैं। उन्होंने जल-जीवन मिशन योजना को प्रारंभ करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद भी दिया है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297